दीपावली की खुशियों के बीच चार घरों में पसरा मातम

भीषण सड़क हादसे में चार युवकों की मौत

बड़हरिया (सीवान)। दीपावली की रात जब पूरा इलाका दीपों की रोशनी से जगमगा रहा था और लोग पर्व की खुशियां मना रहे थे, उसी दौरान एक भीषण सड़क हादसे ने चार परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। बड़हरिया-सीवान मुख्य मार्ग पर झूनापुर मस्जिद के समीप रविवार की रात करीब नौ बजे दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में चार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की उम्र करीब 20 से 22 वर्ष बताई जा रही है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकले तो सड़क पर पांच युवक लहूलुहान हालत में पड़े मिले। रात का समय होने के साथ ठंड और हल्का कोहरा भी छाया हुआ था। दीपावली के कारण सड़क पर वाहनों की आवाजाही भी अपेक्षाकृत कम थी। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।सूचना मिलने के करीब दस मिनट के भीतर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। बाद में 112 पुलिस की टीम भी पहुंची और सभी पांच घायलों को सरकारी वाहन से सदर अस्पताल सीवान पहुंचाया गया। घायलों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भटवलिया गांव निवासी अभय कुमार के पुत्र गोलू कुमार की पहचान हुई। इसकी सूचना परिजनों को दी गई। गांव के जनप्रतिनिधि मंजय कुमार भी अन्य लोगों के साथ अस्पताल पहुंचे।

अस्पताल पहुंचने तक तीन युवकों की मौत हो चुकी थी। मृतकों में भटवलिया निवासी गोलू कुमार और रसूलपुर गांव के दो युवक शामिल थे। वहीं, गोपालगंज जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के सनाह मठिया निवासी सनीश कुमार को भी चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस तरह हादसे में मृतकों की संख्या चार हो गई। पांचवें घायल युवक का इलाज जारी रहा।

सभी घायलों के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। हादसे की खबर मिलते ही भटवलिया, रसूलपुर और सनाह मठिया गांव से बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए। पूरी रात अस्पताल में परिजनों और ग्रामीणों के बीच अफरा-तफरी और चीख-पुकार का माहौल बना रहा। सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद जब चारों युवकों के शव उनके गांव पहुंचे तो परिजनों की चीत्कार से पूरा इलाका गमगीन हो गया। दीपावली की रात जिन घरों में दीप जल रहे थे, वहां सुबह मातम पसरा था। एक साथ चार युवकों की मौत से तीन गांवों में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्रारंभिक तौर पर दोनों बाइकों की बुरी तरह क्षतिग्रस्त स्थिति को देखते हुए तेज रफ्तार को हादसे की संभावित वजह माना जा रहा है। हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

दो मंजिले मकान में लगी भीषण आग, छह से सात लाख की संपत्ति जलकर राख

थावे। थावे थाना क्षेत्र के काबिलसपुर बाजार के बगल स्थित अमैठी गांव में रविवार दोपहर एक दो मंजिले मकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया।इस अगलगी की घटना में करीब छह से सात लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई।करीब ढाई घंटे से अधिक समय तक मकान से आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठती रहीं।आग की भयावहता देखकर आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। गृहस्वामी परवेज आलम ने बताया कि उनकी बेटी की शादी अगले महीने दिसंबर में होने वाली थी। शादी की तैयारी को लेकर उन्होंने पहले से ही गहने, कपड़े और अन्य जरूरी सामान खरीदकर घर में रखे थे।लेकिन अचानक लगी आग ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया।आग की चपेट में आने से बेटी की शादी के लिए खरीदे गए सभी सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए।घटना के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई थी।हालांकि, आरोप है कि अग्निशमन वाहन काफी देर से घटनास्थल पर पहुंचा। तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी और घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था। अग्निशमन वाहन के पहुंचने से पहले ही परिवार की वर्षों की जमा-पूंजी और बेटी की शादी के लिए की गई खरीदारी आग की भेंट चढ़ चुकी थी। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से अगलगी में हुई क्षति का आकलन कर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

दीपों की रोशनी और आतिशबाजी के बीच मनी दीपावली

सीवान। जिले में दीपावली का पर्व पारंपरिक आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गांवों तक घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों को दीपों एवं रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। मंदिरों में भी आकर्षक विद्युत सजावट और दीपमालाओं से विशेष रौनक देखने को मिली। शाम होते ही मंदिरों और घरों की रोशनी से पूरा जिला जगमगा उठा। लोगों ने विधि-विधान से माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, आलमपुर गांव में हाल ही में हुए भीषण पटाखा विस्फोट की घटना को देखते हुए इस बार सुरक्षा और सावधानी पर विशेष जोर रहा।दीपावली के अवसर पर शहर के अग्रवाल समाज शिव मंदिर छठ घाट परिसर में संस्कार भारती की सीवान इकाई की ओर से भव्य दीपोत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान हजारों दीप जलाए गए, जिससे पूरा परिसर जगमगा उठा। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी दीपावली की रौनक रही। लोगों ने घरों की साफ-सफाई और सजावट के बाद दीप जलाकर पर्व मनाया। मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। बाजारों में मिठाई, फूल-माला, पूजन सामग्री और सजावटी सामान की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही।इस वर्ष मिट्टी के दीयों की मांग में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी गई। बड़हरिया के कुम्हारों के अनुसार, लोगों ने पारंपरिक मिट्टी के दीयों को प्राथमिकता दी। कई लोग एक साथ 10 से 12 दर्जन दीये खरीदते नजर आए। इससे कुम्हारों के कारोबार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जगी है।दीपावली और छठ पर्व को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। डीएम विजय प्रकाश मीणा और एसपी भारत सोनी के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। प्रमुख बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की निगरानी रही। महाराजगंज के एसडीपीओ अमन ने लोगों से रात 10 बजे के बाद आतिशबाजी नहीं करने की अपील की। घर बंद कर बाहर जाने वाले लोगों को पुलिस नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर 9031832785 पर सूचना देने की सलाह दी गई, ताकि ऐसे घरों की विशेष निगरानी की जा सके।आलमपुर में हुए पटाखा विस्फोट में कई लोगों की मौत के बाद इस बार पटाखों की बिक्री और भंडारण को लेकर भी सतर्कता बरती गई। इस प्रकार जिले में दीपावली का पर्व धार्मिक आस्था, मंदिरों की आकर्षक सजावट, सांस्कृतिक उल्लास और आपसी सौहार्द के वातावरण में मनाया गया।

सीवान जंक्शन पर छठ की भीड़ से निपटने की तैयारी, डीआरएम ने किया निरीक्षण

सीवान। छठ महापर्व पर यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वाराणसी आशीष जैन ने सोमवार को सीवान जंक्शन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने प्लेटफार्म, यात्री आश्रय केंद्र, टिकट काउंटर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पैदल उपरिगामी पुल, स्वचालित सीढ़ियां, लिफ्ट, प्रतीक्षालय और पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने यात्रियों की संभावित भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्लेटफार्मों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग कराने तथा प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग रास्ते निर्धारित करने का निर्देश दिया। टिकट काउंटरों पर सुव्यवस्थित कतार लगाने और ट्रेनों के आगमन एवं प्रस्थान की नियमित उद्घोषणा सुनिश्चित करने को भी कहा।डीआरएम ने स्टेशन परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था रखने, शिफ्टवार सफाई कराने तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती का निर्देश दिया। उन्होंने यात्री आश्रय केंद्र में स्थापित हेल्प डेस्क, प्राथमिक चिकित्सा बूथ और मिनी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान यात्रियों से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में उनका फीडबैक लिया।उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सीवान जंक्शन पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।इसके बाद डीआरएम ने सीवान रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलकर्मियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही कॉलोनी में नवनिर्मित पार्क के समुचित रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान सहायक मंडल इंजीनियर (सीवान) आशुतोष पांडेय सहित वाराणसी मंडल के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मां महाकाली पूजन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में 300 से अधिक जरूरतमंदों को मिला कंबल

भोरे। भोरे थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबा भूतनाथ शान्ति सेवा संस्थान लामीचौर, भोरे के सौजन्य से हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी नौ नवम्बर (सोमवार) को माँ महाकाली पूजन के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं चिन्हित गरीबों के बीच कम्बल वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत लोक आस्था के पर्व छठ पूजा पर बच्चियों द्वारा प्रस्तुत झाँकी से हुई। इसके बाद दहेज उत्पीड़न से लेकर बेटियों की हत्या तक की सामाजिक कुरीतियों पर मार्मिक झाँकी प्रस्तुत की गई। बच्चियों ने यह प्रस्तुति ओ.पी प्रभारी जगतौली आलोक कुमार के समक्ष दी,जिसकी उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद बाबा भूतनाथ शान्ति सेवा संस्थान की ओर से दिव्यांग,मजबूर और गरीब लोगों के बीच 300 से अधिक कम्बल,केतली रोटी गर्म रखने वाले बर्तन जैसे गृहोपयोगी सामान वितरित किए गए। मँझरीया, मठोया, डोमनपुर,जगतौली,लामीचौर सहित कई गाँवों के चिन्हित गरीब, विधवा और जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिला। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान दिया गया और फलदार वृक्ष उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को दिया गया। पूरे आयोजन की सफलता में डॉ. बंगाली बाबू की भूमिका सबसे प्रमुख रही। गरीबों और जरूरतमंदों के सच्चे हमदर्द के रूप में पहचाने जाने वाले डॉ. बंगाली बाबू सेवा को ही अपना धर्म मानते हैं। वे गरीब परिवारों की बेटियों की शादी कराकर उनके माता-पिता का बोझ हल्का करते हैं और जरूरतमंद मरीजों को दवा उपलब्ध कराकर उनका सहारा बनते हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि उनकी नि:स्वार्थ सेवा समाज के लिए प्रेरणा है। कम्बल वितरण कार्यक्रम में भी उनकी सक्रिय अगुवाई ने इसे सफल बनाया।

कार्यक्रम में प्रखण्ड प्रमुख राजेश राम, लामीचौर पंचायत के पूर्व मुखिया ऋषिदेव पाण्डेय, मुखिया संघ भोरे के अध्यक्ष मोहन कुमार सिंह,समाजसेवी अमित मिश्रा,बीजेपी नेता अरविन्द सिंह, डोमनपुर पंचायत के मुखिया कमलेश प्रसाद सिंह,शिक्षक मुहम्मद शेख इकरामुद्दीन,जनार्दन यादव,विपिन सिंह,मुन्ना तिवारी और सुरेश राम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में 20 ग्राम स्मैक के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, स्कार्पियो व तीन मोबाइल जब्त

सीवान। मुफ्फसिल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 20 ग्राम स्मैक के साथ चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक उजले रंग की स्कार्पियो और तीन मोबाइल भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों में तीन सीवान जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के लखरांव गांव के निवासी हैं, जबकि एक गोपालगंज जिले का रहने वाला है।पुलिस के अनुसार, 8 नवंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि एक उजली स्कार्पियो में सवार होकर स्मैक का कारोबारी गोपालगंज मोड़ होते हुए बाईपास की ओर जाने वाला है। सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना गेट के समीप वाहन जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान संदिग्ध स्कार्पियो को रोककर तलाशी लेने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही वाहन में सवार चालक समेत चार लोग उतरकर इधर-उधर भागने लगे। हालांकि, सशस्त्र बल के सहयोग से चारों को पकड़ लिया गया।पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लखरांव निवासी धर्मेन्द्र यादव, मुन्ना यादव और सुकुल कुमार यादव तथा गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इन्दरवां एबदुल्लाह निवासी उपेन्द्र गुप्ता के रूप में हुई है।वाहन की तलाशी के दौरान चालक की सीट के कवर के अंदर छिपाकर रखे प्लास्टिक के पॉकेट से 20 ग्राम स्मैक जैसा मटमैले रंग का नशीला पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस ने स्कार्पियो और तीन मोबाइल भी जब्त किए हैं।इस मामले में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 545/26 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8(सी), 21(बी), 22 और 29 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। मामले में आगे की विधि सम्मत कार्रवाई जारी है।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-03, पटना।

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-64 वर्ष-2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 14.11.2026 3:00 बजे अपराह्न तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 17.11.2026 3:00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 17.11.2026 (3:30 बजे अपराह्न)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-3, भ0 नि0 वि0, पटना / सहायक विद्युत, अभियंता, विद्युत भवन अवर प्रमंडल गर्दनीबाग / विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल,पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि लाख में	अग्रधन की राशि 2%	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Replacement of Electrical wiring & Electrical Installation in Secretary Chamber & Confrence Hall of Health Deptt., at 1st Floor of Vikash Bhawan, Patna.	3,33,246.00	6,700.00	750.00	10 Days
2	Provision Computer Networking System & Telephone wiring in Room No. 358 of Health Deptt. At 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna	7,62,259.00	15,300.00	1250.00	15 Days
3	SITC of Cassette type AC, Computer Networking System, Telephone wiring, etc in Section 2 & 3 (Room No. 177 Old) of Health Deptt. At 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	11,88,690.00	23,800.00	2500.00	15 Days
4	Replacement of Electrical wiring & Electrical Installation in Room No. 365 of Health Deptt. At 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	12,37,648.00	24,800.00	2500.00	15 Days
5	S/R with Addition and Alteration to E.I in Work Station of Abhiyojan Nideshalay at 2nd Floor, Block - 2 of Vidhan Sabha, Patna	9,79,722.00	19,600.00	1250.00	15 Days
6	Renovation of Electrical wiring & Electrical Installation in Room No. 186 of Health Deptt. At 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	12,39,479.00	24,800.00	2500.00	15 Days
7	Renovation of Electrical wiring & Electrical Installation in Room No. 358 of Health Deptt. At 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	9,26,461.00	18,600.00	1250.00	15 Days
8	SITC of Cassette & split type AC, Computer Networking System, Telephone wiring, etc in Lok Shikayat Niwaran Office (Room No. 177A Old) of Health Deptt. at 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	6,86,058.00	13,800.00	1250.00	15 Days
9	SITC of Cassette type AC Machine in Room No. 358 of Health Deptt. at 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	5,27,114.00	10,600.00	1250.00	15 Days

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 015151 (B C D) 2026-27

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0-3, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

अज्ञात वाहन की ठोकर से दस वर्षीय बच्चे की मौत, दीपावली की खुशियां मातम में बदली

पंचदेवरी। पंचदेवरी थाना क्षेत्र अतर्गत दीपावली के दिन पटाखा खरीदने जा रहे दस वर्षीय बच्चे की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में दीपावली की खुशियां मातम में बदल गईं। मृतक की पहचान निमुइया गांव निवासी गुड्डू यादव के पुत्र 10 वर्षीय रवि किशन कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार,रवि किशन दीपावली के दिन पटाखा खरीदने के लिए जा रहा था। इसी दौरान जमुनहां-शेमरा मुख्य पथ पर निमुइया गांव के पास डेयरी फार्म के समीप एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कटेया थानाध्यक्ष अवधेश कुमार और पंचदेवरी पिकेट प्रभारी गीता बिहारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस बीच स्थानीय मुखिया पति डॉ मुखी सिंह, पूर्व मुखिया चमचम श्रीवास्तव सहित कई लोग पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे।

उन्होंने परिजनों को ढांढ़स बंधाया और इस दुख की घड़ी में सांत्वना दी। रवि किशन दो भाइयों में बड़ा था। परिवार में एक 12 वर्षीय बहन चांदनी भी है। बेटे की मौत के बाद मां बिंदु देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। सोमवार को परिजनों ने बच्चे का दाह-संस्कार कर दिया। घटना के बाद गांव में सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

महादलित टोलों में अधिकारियों ने जलाये खुशियों के दीप, बांटी मिठाइयां

सीवान। दीपावली के अवसर पर जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों ने रविवार की संध्या जिले के विभिन्न महादलित टोलों में पहुंचकर समुदाय के लोगों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। अधिकारियों ने लोगों के साथ मिलकर दीप जलाए और मिठाइयां बांटकर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर से इस वर्ष महादलित समुदाय के लोगों के बीच दीपावली मनाने की पहल की गई।इसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के बीच खुशियां साझा करना और सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करना था।इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से सुरक्षित तरीके से दीये और मोमबत्तियां जलाने की अपील की। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए केवल हरित पटाखों का इस्तेमाल करने का आग्रह किया। अधिकारियों ने स्वच्छता बनाए रखने और दीपावली का त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संदेश भी दिया।इस अवसर पर जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण, अनुमंडल पदाधिकारी सीवान सदर, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने विभिन्न महादलित टोलों में पहुंचकर लोगों के साथ दीपावली की खुशियां बांटीं।

ब न्यायालय सिविल जज वरीय कोटि 6 सीवान
प्रकीर्ण वाद संख्या - 127/20 26
महाबीर सिंह------------अवेदक
बनाम
रघुवीर सिंह --------------विपक्षी

नोटिस बनाम : 1- रघुवीर सिंह पिता स्व. मुखलाल सिंह निवासी ग्राम डमन पुरा थाना रघुनाथपुर जिला सिवान---विपक्षी

उपरोक्त वाद आवेदक ने वास्ते हकीयत दखलयावि के दाखिल किया है । जिसमें विपक्षी पर समन नोटिस वो सम्मन रजिस्टर्ड डाक द्वारा तामिला के बावजुद उपस्थित नही होते है इसलिये बजीरये प्रकाशन को सुचित किया जाता है कि दिनांक 09-माह 12- सन 2026 ई. को 10.30 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर जो कुछ उजुर खुद या वकालतन देनी ही देवे अन्यथा वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर दी जायेगी। ताकिद जानें।

सीवल जज वरीय कोटि 06
सीवान।

9/484/26

न्यायालय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रथम, सिवान ।
जिला-सिवान
प्रकीर्ण वाद सं0-69/2026
सन्दर्भ-प्रोबेट केश नं0-55/2018
विरेन्द्र पाण्डेय-----------आवेदक
बनाम
बिहार सरकार वो0 वगैरह--- विपक्षीगण

नोटिस बनाम : (2) नागेन्द्र पाण्डेय, वल्द स्व0 सुदामा पाण्डेय, निवासी ग्राम-पपौर, थाना-ओ. पी. सराय, जिला-सिवान

विदित हो कि आवेदक ने उपरोक्त प्रकीर्ण वाद अंदर आर्डर-09, रूल-09 एवं धारा 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के तहत दाखिल कर प्रार्थना किया है कि मूल प्रोबेट वाद सं0-55/2018 जो श्रीमान् के न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया है उसे पुनर्जीवित करने की जाए, जिसमें उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु आपके पास न्यायालय द्वारा सम्मन एवं निबंधित सम्मन भेजा जा चुका है, बावजूद इसके आप मुकदमा में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं।

आप दिनांक अतैव इस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक.05 माह 12 सन् 2026 ई0 को 11.00 बजे दिन में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर उपरोक्त मुकदमा में अपना पक्ष प्रस्तुत करें कि क्यों नहीं आवेदक के निवेदन को स्वीकार करते हुए मूल प्रोबेट वाद सं0-55/2018 को पुनर्जीवित कर दिया जाए, अन्यथा आपके अनुपस्थिति में एकपक्षीय सुनवायी कर उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा। इसे अति आवश्यक समझें ।

आज दिनांक 06 माह 11सन् 2026 ई. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
प्रथम सिवान ।

9/484/26

'माई एगो दे द बिटिया' छठी मइया से बेटी का वरदान मांगने की अनूठी संगीतमय प्रार्थना

बेटियों के सम्मान, समानता और सशक्त भविष्य का संदेश देती ओशनिक माइंड स्कूल की भावपूर्ण प्रस्तुति

गोपालगंज(आससे)। लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्योपासना के महान पर्व छठ पूजा की पावन परंपरा में एक नई सोच और सामाजिक संवेदना का सुंदर अध्याय जोड़ते हुए ओशनिक माइंड स्कूल, गोपालगंज ने 'माई एगो दे द बिटिया' शीर्षक से एक विशेष छठ गीत प्रस्तुत किया है। यह प्रस्तुति केवल एक भक्ति गीत नहीं, बल्कि बेटियों के सम्मान, समानता और उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति समाज को जागरूक करने वाला एक हृदयस्पर्शी संदेश है।

सदियों से श्रद्धालु छठी मइया से संतान, सुख और समृद्धि की कामना करते आए हैं। किंतु इस गीत की भावना अनूठी है। इसमें एक छठ व्रती धन-दौलत या पुत्र का वरदान नहीं, बल्कि हाथ जोड़कर और आँचल फैलाकर एक बेटी की कामना करती है। 'हे छठी मइया ! हमरा अँगना में भी एगो बिटिया के किलकारी गूँज जाए।' इस गीत की रचना बिहार गौरव पंडित हृदय नारायण झा ने की है, जबकि इसकी मूल परिकल्पना विद्यालय के संस्थापक दिग्विजय नारायण सिंह की है।इस अवसर पर दिग्विजय नारायण सिंह ने कहा- बेटियाँ ईश्वर का सबसे सुंदर आशीर्वाद हैं। वे परिवार की मुस्कान, माता-पिता का गौरव और समाज के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। हमारा प्रयास है कि हर परिवार बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाए और उसे सम्मान, शिक्षा तथा समान अवसर प्रदान करे। यह गीत संसार की प्रत्येक बेटी को समर्पित है। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपनी मधुर आवाज़ और भावपूर्ण प्रस्तुति से गीत को जीवंत बनाया है। संगीत शिक्षकों, विद्यालय परिवार एवं सहयोगी टीम के समर्पित प्रयासों ने इस सांस्कृतिक पहल को साकार. किया है द्य प्रस्तुति एवं रचनात्मक सहयोग गीतकार बिहार गौरव पंडित हृदय नारायण झा ने किया द्य मूल परिकल्पना संस्थापक, ओशनिक माइंड स्कूल दिग्विजय नारायण सिंह क़ी है द्य परियोजना प्रबंधक ई. अभिषेक कुमार ने वीडियो निर्माण को मूर्त रूप दिया। स्वर एवं प्रस्तुति (छात्राएँ)=अनन्या भारद्वाज, अंशिका श्रीवास्तव, यादवि गुप्ता, अनन्या सिंह, अदिति पांडेय एवं श्रेया सिंह।

वीडियो निर्माण एवं सहयोग - अनीशा पांडेय, निशु कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, कविता कुमारी, ज्योति सिंह, रीमा कुमारी सिंह, चांदनी सिंह, चंदना सिंह, एकता राज, अंजलि साहनी, निधि सिन्हा, पल्लवी सिंह एवं ज्योति कुमारी।

संगीत निर्देशन एवं प्रशिक्षण=रॉबिन कुमार पटेल, दीपक कुमार सिंह एवं पारस सिंह। एक गीत, एक भावना, एक सामाजिक संकल्प : ओशनिक माइंड स्कूल की यह पहल छठ महापर्व की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने के साथ-साथ समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का एक सार्थक प्रयास है। जिस आँगन में बेटी की किलकारी गूँजती है, वहाँ केवल एक संतान नहीं, बल्कि प्रेम, संस्कार और अनगिनत सपनों का जन्म होता है। विद्यालय परिवार ने सभी से इस भावपूर्ण प्रस्तुति को सुनने, अपना स्नेह एवं आशीर्वाद देने तथा बेटियों के सम्मान का यह संदेश अधिक से अधिक परिवारों तक पहुँचाने का आग्रह किया है।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग
लोदीपुर, बुद्धमार्ग, पटना-800001
(ee.patna.bcd@gmail.com)

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0-04/प.भ.प्र./2026-27

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक/ख्याति प्राप्त डिकोरेटर/फर्म से निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक-14.11.2026 के अपराहन 11:00बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 01:00 बजे अपराहन में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कोटेशन का शुल्क (रू0) में:-

प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन पत्र के साथ कोटेशन मूल्य जो "संयुक्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-10840 (भ) दिनांक-13-12-2019के आलोक में ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM(O-Gras)पोर्टल-[https://e-receipt.bihar.gov.in]dsE-payment/payment over the bank counter(cash/Cheque) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमंडल, पटना के पदनाम से प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग जमा करना अनिवार्य होगा। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत O-Gras का (computerize receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। O-Gras द्वारा निर्गत चालान में चालान one time period का ही मान्य होगा, जो पन्द्रह दिनों के लिए वैध है। निर्गत चालान की तिथि कोटेशन का दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से बाद ही मान्य होगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि का अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है:-

0 से 50000.00रू0 तक 250.00रू0/ 50001.00से250000.00रू0 तक 500.00रू0/250001.00से 500000.00रू0 तक750.00रू0/500001.00से 1000000.00रू0 तक 1250.00 रू0/1000001.00 से1500000.00रू0 तक 2500.00रू0 एवं अग्रधन की राशि दो प्रतिशत (कोटेड राशि का मूल दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

कार्य का विवरणी :-

क्र0	कार्य का नाम एवं विशिष्टियाँ	मात्रा	ईकाई	उद्धृत दर (अंक एवं अक्षर में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Repair & Painting Inner side Ceiling SKM Building(Hall), Patna for the year 2026-27				One Week
i	Providing and applying two coats of Royal Glitter paintetc all complete job				
2	Repair of Damage wooden wool False Ceiling SKM Building(Hall) Gallery Area, Patna for the year 2026-27				One Week
i	Providing, Fitting and Fixing wooden wool false ceiling etc all complete job				

आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों के मॉडल, मेक, साइज, क्षमता, नमूने, क्वालिटी इत्यादि की अधिक जानकारी हेतु संबंधित सहायक अभियंता, एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से संपर्क करेंगें। विशेष शर्तें, मद एवं मात्रा की विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय सूचना पट्ट पर देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से संपर्क करें।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 015153 (B W D) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
पटना भवन प्रमण्डल, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-03, पटना।

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-65 वर्ष-2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 14.11.2026 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 17.11.2026 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 17.11.2026 (3:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-3, भ0 नि0 वि0, पटना/सहायक विद्युत, अभियंता, विद्युत भवन अवर प्रमंडल गर्दनीबाग/ विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल,पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि लाख में	अग्रधन की राशि 2%	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	SITC of Cassette type AC machine in Room No. 365 of Health Deptt. At 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	6,34,983.00	12,700.00	1250.00	15 Days
2.	SITC of Cassette type AC Machine in Room No. 186 of Health Deptt. at 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	6,37,521.00	12,800.00	1250.00	15 Days
3.	SITC of Cassette type AC, Computer Networking System, Telephone wiring, etc in Secretary Chamber & Cell (Room No. -182) of Health Deptt. At 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	11,22,497.00	22,900.00	2500.00	15 Days
4.	SITC of split AC computer networking wing system, telephone wiring etc in health minister's cell and chamber & cell of P.S. to health Minister (room no. 176A & 187) at 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	10,34,709.00	20,700.00	2500.00	15 Days
5.	SITC of split type AC along with S/R with addition and alteration to E.I. in Dawa vitran kendra and replacement of all damaged fitting in hospital building in the campus of Patna High Court, Patna (state Dispensary)	11,62,248.00	23,300.00	2500.00	15 Days
6.	Provision Computer Networking System & Telephone wiring in Room No. 178, 264, 274 & 275 of Health Deptt. At Vikash Bhawan, Patna.	10,02,427.00	20,100.00	2500.00	15 Days
7.	Provision Computer Networking System & Telephone wiring in Room No. 365 of Health Deptt., at 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	12,73,930.00	25,500.00	2500.00	15 Days
8.	Provision Computer Networking System & Telephone wiring in Room No. 186 of Health Deptt. at 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	12,75,263.00	25,600.00	2500.00	15 Days
9.	SITC of Cassette type AC, Computer Networking System, Telephone wiring, etc in Room No. -177 of Health Deptt. At 1 st Floor of Vikash Bhawan, Patna.	8,70,673.00	17,500.00	1250.00	15 Days
10.	SITC of split AC computer networking wing system, telephone wiring etc in additional secretary chamber & cell (room no. 171A) of in health deptt. At 1st floor of Vikash bhawan, Patna.	5,51,153.00	11,100.00	1250.00	15 Days

PR- 015152 (B C D) 2026-27

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत भवन प्रमंडल सं0-3, पटना

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार